**Regarding the need to take initiatives for expansion of IT and software industry in Sagar Parliamentary Costituency, Madhya Pradesh**

**डॉ. लता वानखेड़े (सागर) :** सभापति महोदया, मैं इस पवित्र सदन के माध्यम से सरकार को डिजिटल इंडिया, स्टार्ट अप इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसी दूरदर्शी पहलुओं के लिए बधाई देना चाहती हूं । इन योजनाओं ने हमारे देश की डिजिटल अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाया है, स्टार्ट-अप संस्कृति को बढ़ावा दिया है और युवाओं को तकनीकी नवाचार के नए अवसर प्रदान किए हैं ।

माननीय सभापति महोदया, मैं बुंदेलखंड के सागर सम्भाग के मुख्यालय से आती हूं । यहां शिक्षा, नवाचार और व्यापार की दृष्टि से अपार सम्भावनाएं हैं । यहां की युवा पीढ़ी तकनीकी क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए तत्पर है । यदि सागर में एक आईटी स्टार्ट-अप इनक्यूबेशन सेंटर और बीपीओ हब स्थापित किया जाए तो स्थानीय युवाओं को विशेष रूप से रोजगार के बेहतर अवसर मिलेंगे, घर में काम करने वाली महिलाओं की सुविधाएं बढ़ेंगी, जिससे महिलाएं भी अपने कैरियर एवं परिवार दोनों को संतुलित कर सकेंगी और सागर डिजिटल अर्थव्यवस्था का एक प्रमुख केन्द्र बन जाएगा ।

महोदया, सरकार द्वारा डिजिटल इंडिया और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में किए जा रहे प्रयास प्रशंसनीय हैं । मेरा विश्वास है कि यदि सागर जैसे उभरते शहरों को भी इस डिजिटल क्रांति का हिस्सा बनाया जाए, तो यह केवल मध्य प्रदेश ही नहीं, बल्कि पूरे देश के छोटे शहरों में आर्थिक और सामाजिक बदलाव लाने में अहम भूमिका निभाएगा ।

अत: मैं सरकार से आग्रह करती हूं कि सागर में आईटी और सॉफ्टवेयर उद्योग के विस्तार की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएं । यह पहल महिलाओं और युवाओं के लिए नए अवसरों का द्वार खुलेगी, डिजिटल समावेशन को बढ़ावा देगी और क्षेत्र के आर्थिक विकास को नई ऊँचाइयों तक ले जाएगी । जय हिंद, धन्यवाद ।